तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 7 नवंबर 2024

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

12 सामूहिक नृत्य में स्वरांजली डांस ग्रुप रतनपुर...



12 छत्तीसगढ़ व बस्तर के पारंपरिक लोकगीतों ...



# नाइट एक्सप्रेस ट्रेन पहुंचने के समय में होगा बदलाव, मरीजों को मिलेगी सुविधा

## भुवनेश्वर से पहुंचे प्रिंसिपल चीफ सेफ्टी व कमर्शियल ऑफिसर ने दिया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भुवनेश्वर रेल जोन मुख्यालय से दो दिवसीय आडिट टीम में सम्मलित प्रिंसिपल चीफ सेफ्टी व कर्मशियल ऑफिसर संजय मिश्रा मीडिया से चर्चा करते कहा कि विशाखापटनम से किरन्दुल प्रतिदिन आने-जाने वाली नाइट एक्सप्रेस ट्रेन के समय में बदलाव करने का प्रयास किया जाएगा। साथ उन्होंने दुर्ग से जगदलपुर त्रेय-साप्ताहिक एक्सप्रेस जो 2019 से बंद है उसे दुबारा शुरू करने दक्षिण-पूर्व-मध्य रेलवे जोन बिलासपुर से नीतिगत चर्चा कर संचालन के लिए सार्थक प्रयास करने का भरोसा दिया। प्रिंसिपल चीफ सेफ्टी व कर्मशियल ऑफिसर संजय मिश्रा अपने दो दिवसीय प्रवास पर दल-बल के साथ पहुंचे थे । बुधवार को एलजी स्पेशल से भुवनेश्वर से जगदलपुर-बचेली आडिट जांच के लिए पहुंचे। उनके साथ विशाखापटनम रेल मंडल के एडीआरएम मनोज कुमार साहू समेत जोन मुख्यालय भुवनेश्वर व रेलमंडल मुख्यालय विशाखापटनम से लगभग एक दर्जन से ज्यादा सीनियर रेल ऑफिसर पहुंचे थे। उन्होंने जगदलपुर रेलवे स्टेशन के विभिन्न सेक्शनों का निरीक्षण करने के साथ ट्राली कार से वे रेल पटरी का बारीकी से जांच किया। उन्होंने पत्रकारों ▶▶| शेष पेज 12 पर

अलग खबर



### दुर्ग एक्सप्रेस के समय सारिणी में परिवर्तन का होगा प्रयास

मीडिया से चर्चा करते हुए अधिकारियों ने कहा कि बस्तरवासियों से यह शिकायत मिली है कि जगदलपुर से रायपुर की तरफ प्रतिदिन शाम 5 बजे से रात 12 बजे के मध्य 65 बसें दौड़ती हैं, किंतु इन बसों का किराया अधिक होने के कारण यात्रियों को काफी आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है। जगदलपुर - दुर्ग इंटरसिटी एक्सप्रेस को फिर से शुरू करने की मांग भी इसलिए उठी है। इस ट्रेन को शाम 6:30 बजे जगदलपुर से शुरू किया जा सकता है। जगदलपुर के अलावा कोटपाड़, जैपुर और कोरापुट से प्रतिदिन कितने यात्री मिल सकते हैं। इस पर एक रिपोर्ट तैयार की जाएगी। जिसे रेल विभाग के कमर्शियल सेक्शन को भेजा जाएगा।

## खबर संक्षेप



### अनिश्चितकालीन काम बंद हड़ताल पर गए मीटर रीडर्स

जगदलपुर। स्पॉट बिलिंग एवं मीटर रीडिंग श्रमिक ठेका कर्मचारी महासंघ के तत्वावधान में मीटर रीडर्स विभिन्न मांगों को लेकर 5 नवंबर तक सांकेतिक काम बंद हड़ताल पर रहे। इसके उपरांत भी प्रबंधन की तरफ से कोई सकारात्मक पहल नहीं किया गया है। इसलिए समस्त मीटर रीडर 6 नवम्बर से अनिश्चित कालीन काम बंद हड़ताल पर है। मीटर रीडर्स हमेशा से ही शांतिपूर्ण तरीके से अपनी विभिन्न मांगों को वितरण कंपनी के प्रबंधन के समक्ष प्रस्तुत करता आया है, पर हर बार मीटर रीडर्स के हाथ निराशा ही लगती आई है। प्रबंधन हमेशा से ही मीटर रीडरों के लिए अपने लाभानुसार नियमों को बनाकर उन्हीं नियमों का हवाला देकर मीटर रीडरों के साथ अन्याय करते आया है। महासंघ ने बुधवार को विद्युत कंपनी के कार्यपालन अभियंता को ज्ञापन सौंपा।

### इनामी महिला नक्सली ने किया आत्मसमर्पण



कोंटा। नक्सलवाद उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति एवं नियद नेल्लानार योजना से प्रभावित होकर तथा अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार नवीन सुरक्षा कैम्प स्थापित कर पुलिस के बढ़ते प्रभाव से एक महिला नक्सली आत्मसमर्पण किया है। थाना गोलापल्ली, मरईगुड़ा, किस्टाराम एवं चिंतागुफा क्षेत्र के नक्सल गतिविधियों में शामिल रही। स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर नक्सली संगठन में सक्रिय महिला नक्सली पदाम सोमे पिता स्व.नंदा जनताना सरकार अध्यक्षा, सिंघनमड़गू आरपीसी अन्तर्गत, एक लाख इनामी छोटेकेड़वाल थाना चिंतलनार सुकमा के द्वारा नक्सल संगठन को छोड़कर समाज की मुख्यधारा में जुड़ने के उद्देश्य से आज सुकमा में निरीक्षक अविलाष टण्डन, प्रभारी डीआरजी एवं उप निरीक्षक निरंजन वराड डीआईजी रेंज के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया। उक्त आत्मसमर्पित महिला नक्सली को छग नक्सलवाद उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति के तहत सहायता राशि व अन्य सुविधाएं प्रदाय कराए जायेंगे।

### ओडिशा की किंगफिशर बीयर के साथ एक आरोपी गिरफ्तार



जगदलपुर। अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे मुहिम के तहत कार्रवाई करते हुए कोड़ेनार पुलिस ने ओडिशा निर्मित 124.800 लीटर बीयर जब्त किया है। जब्त बीयर की अनुमानित कीमत 57 हजार 6 सौ रुपए आंका गया है। अवैध शराब बेचे जाने की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी महेश्वर नाग के मार्गदर्शन व एसडीओपी केशलूर दिलीप कोसले के पर्यवेक्षण में थाना कोड़ेनार की टीम गठित कर कार्रवाई के लिए रवाना किया गया था। टीम को सूचना मिली थी कि बड़े किलेपाल निवासी नीरज भारद्वाज के गाय कोठा में ▶▶| शेष पेज 12 पर

गड़बड़झाला : जिला अस्पताल के डीएमएफ व सीएसआर मद की राशि का मामला

# फर्जी चेक से निकाले गए 66 लाख जांच प्रतिवेदन पहुंचा कलेक्टर के पास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिला अस्पताल के सिविल सर्जन के फर्जी हस्ताक्षर से 66 लाख रुपए की हेराफेरी की बात सामने आई है। जांच अधिकारियों ने संबंधित से पूछताछ के बाद सीएमएचओ को रिपोर्ट सौंपी। सीएमएचओ अजय रामटेके ने बुधवार को कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया है। इसके बाद ही एफआईआर दर्ज की जाएगी। संबंधित अधिकारी की माने तो जिला अस्पताल के तत्कालीन सिविल सर्जन कपिल कश्यप के हस्ताक्षर से कुल 4 फर्म तथा 1 व्यक्तिगत चेक काटे गए हैं जो जांच के दायरे में है। उक्त चेक डीएमएफ के पांच तथा सीएसआर मद के दो चेक शामिल है जिसकी चेक रजिस्टर में इंट्री नहीं है और ना ही इसका कोई नोटशीट चलाया गया है। फर्जी तरीके से आहरण की गई राशि एक जनवरी 2023 से 30 अक्टूबर 2024 तक की है।

■ मिस्टर नटवर लाल ने बड़े ही शातिर तरीके से दिया अंजाम

हरिभूमि फॉलोअप


फर्म को किया गया भुगतान वापस अस्पताल प्रबंधन को

सिविल सर्जन के फर्जी हस्ताक्षर कर डीएमएफ की राशि में 6 लाख का चूना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

21 अगस्त को कपिल कश्यप हुए रिलीव

तत्कालीन सीएस कपिल कश्यप का तबादला सुकमा हो गया है, जो 21 अगस्त को रिलीव हो गए लेकिन 28 अगस्त को इनके हस्ताक्षर से पैसे निकाल लिए गए। लगभग दो माह इनके हस्ताक्षर से 6 लाख रुपए निकाले गए। इस संबंध में इनका पक्ष लेने के लिए मोबाइल से सम्पर्क किया गया लेकिन रिसीव नहीं हो सका।

क्या है फर्जीवाड़ा

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल के डीएमएफ और सीएसआर मद के चेक पंजी के सात पन्ने गायब थे। 28 अक्टूबर को सहायक ग्रेड-2 शाखा प्रभारी ने तीन चेक भारतीय स्टेट बैंक की शाखा दंतेवाड़ा में दो फर्मों के नाम जमा करवाया जिसमें डीएमएफ का एक और सीएसआर के दो चेक हार्डवेयर और इलेक्ट्रिक दुकान के नाम से लगभग 6 लाख की राशि दो एक लाख निनानबे हजार तथा एक एक लाख संतानबे हजार रुपए शामिल है। इसकी भनक लगते ही सिविल सर्जन आरएल गंगेश ने इस माह की दो तारीख को भारतीय स्टेट बैंक शाखा प्रबंधक को लिखित आवेदन देकर होल्ड करने की बात कही। जिसके बाद लगभग 6 लाख रुपए की राशि जिला अस्पताल प्रबंधन को वापस प्राप्त हो गया। उक्त राशि के इंतजार में ही जिला अस्पताल प्रबंधन ने एफआईआर दर्ज नहीं करवाई इसकी मौखिक सूचना सिटी कोतवाली को दी गई। सोमवार को सिविल सर्जन गंगेश किसी कारणवश रायपुर गये हुए थे, इसी वजह से सोमवार को एफआईआर नहीं दर्ज की गई।

बाबू निर्वाचन शाखा में संलग्न

डीएमएफ, सीएसआर, एनएचएम जैसे महत्वपूर्ण शाखाओं का कार्यभार बाबू के पास रहा। लोकसभा चुनाव के दौरान इसे निर्वाचन कार्यालय में संलग्न किया गया है। वर्तमान में इसका कार्य मौखिक रूप से एक आपरेटर द्वारा किया जा रहा है, जो इन महत्वपूर्ण शाखाओं के अलावा डीएमएफ मद अन्तर्गत भर्ती किए गए डाक्टरों की तनख्वाह भी इसी के द्वारा बनाया जा रहा है। ऐसे में बड़ा सवाल यह कि उक्त शाखा का चेक बाबू के पास कब और कैसे पहुंचा। यदि चेक के पन्ने पहले से गायब थे तो इसकी भनक आज कैसे लगी।

### इन फर्मों के नाम कटे चेक

विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार सिविल सर्जन के हस्ताक्षर से जो 7 चेक काटे गए हैं उनमें सरताज ग्लास, सौरभ ट्रेडर, एम ब्रदर्स तथा आयुष इलेक्ट्रिकल्स शामिल है। इनके अलावा 1 व्यक्तिगत नाम से भी चेक काटे गए हैं जो जांच के दायरे में है। इन फर्मों को डीएमएफ तथा सीएसआर से कुल 66 लाख रुपए का चेक से भुगतान किया जा चुका है।

### चेक के 2 आखिरी पन्ने भी शामिल

मिस्टर नटवर लाल की तर्ज पर फर्जी हस्ताक्षर को अंजाम देने के लिए संबंधित बाबू ने बड़े ही शातिर तरीके से राशि गबन करने की योजना बनाई। डीएमएफ व सीएसआर मद के कुल 7 पन्ने चेक से गायब किए गए। जिसमें खासतौर पर चेक के 2 आखिरी पन्ने भी शामिल है, इसके अलावा गायब 5 पन्ने बीच-बीच से चोरी किए गए हैं।

### संदिग्ध भूमिका

सिविल सर्जन अस्पताल से जनवरी 2023 से अक्टूबर 2024 तक 66 लाख रुपए के फर्जी हस्ताक्षर से चेक काटकर आहरण होता रहा है। इस दरम्यान 2 सिविल सर्जन रहे। इन दोनों को गायब चेक के पन्ने तथा आहरित राशि की भनक नहीं लगी जो विचारणीय है। ऐसे में संदेह के दायरे में तत्कालीन व वर्तमान सीएस के अलावा संबंधित बाबू व वर्तमान आपरेटर को माना जा रहा है। इन्ही चारों के इर्द-गिर्द फर्जीवाड़े की कहानी छुपी हुई है। अब देखना यह कि किसके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाती है और इस घटनाक्रम में कितने शामिल है।

### जांच प्रतिवेदन कलेक्टर को सौंपा

सीएमएचओ अजय रामटेके ने इस संबंध में कहा कि हमने इसका जांच प्रतिवेदन कलेक्टर को सौंप दिया है। बैंक स्टेंटमेट से 66 लाख राशि का हिसाब नहीं दिख रहा है। चेक से कुल 7 पन्ने गायब थे। जिसमें डीएमएफ के पांच तथा सीएसआर के दो शामिल हैं।

### आपरेटर ने कहा

संबंधित बाबू के निर्वाचन कार्यालय में संलग्न होने के बाद इसका देख-रेख संविदा कर्मचारी आपरेटर अबलम कमलेश के हवाले रही। जिसके द्वारा विभागीय अधिकारी के कहने पर चेक काटा जाता रहा व नोटशीट बनाने का काम भी लेकिन आपरेटर ने कहा मूझे उक्त शाखा का कोई चार्ज लिखित में नहीं दिया गया है। एक डाटा इंट्री आपरेटर हूं। तत्कालीन सीएस कपिल कश्यप व वर्तमान सीएस आरएल गंगेश जैसा कहते थे उनके आदेश का पालन कर चेक काटता था।

# धारदार हथियार के साथ एक युवक गिरफ्तार

## मां व बहन के साथ मारपीट करने का आरोप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

धारदार हथियार लहराकर अपने ही मां व बहन को अश्लील गाली गुप्तार कर मारपीट करने वाले युवक को बोधघाट पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से हथियार बरामद कर न्यायालय में पेश किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन एवं सीएसपी आकाश श्री श्रीमाल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्रवाई के लिए रवाना किया गया था। टीम द्वारा मामले में आरोपी सोहन साहू उर्फ सोनू 23 वर्ष निवासी ग्राम करकापाल कोटवार पारा को गिरफ्तार किया गया। बोधघाट थाना प्रभारी लीलाधर राठौर ने बताया कि प्राथीर्या श्रीमती मंजुलता लाजर ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसका बेटा सोहन साहू नशे की हालत में मंगलवार रात घर आकर घरेलू बात को लेकर अपनी मां एवं बहन को गाली गलौच कर बाड़ी में छुपाकर रखे धारदार हथियार को लहराकर प्राथीर्या एवं उसकी बेटी को अश्लील गाली गुप्तार कर मारपीट किया। रिपोर्ट पर तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया।

### इनकी रही अहम भूमिका

त्वरित कार्रवाई में निरीक्षक लीलाधर राठौर के अलावा एसआई अरूण मरकाम, एएसआई दिनेश उसेंडी, प्रधान आरक्षक रोहित मंडावी, नितेश मेश्राम, आरक्षक होरी लाल आर्मो व त्रिनाथ कश्यप की अहम भूमिका रही।

# संगठन चुनाव की तैयारी में जुटी भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी ने सदस्यता अभियान के साथ अब संगठन चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी है। बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय में संगठन चुनाव व सदस्यता अभियान को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला हुई, जिसमें जिले की तीनों विधानसभा के संगठन पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यशाला में अंतागढ़ विधायक व जिला संगठन चुनाव अधिकारी विक्रम उसेण्डी एवं बस्तर संभाग प्रभारी रजनीश सिंह उपस्थित थे। भाजपा ने आसन्न संगठन चुनाव के लिये जिले के सभी 11 मण्डलों में मण्डल पर्व सहयोगी व सह सहयोगी की नियुक्ति कर दी है। जिला संगठन चुनाव अधिकारी विक्रम उसेण्डी ने कहा कि संगठन का महापर्व मनाया जा रहा है। जिसमें प्रथम चरण में प्राथमिक सदस्यता अभियान, द्वितीय चरण में सक्रिय सदस्यता और अंतिम चरण में संगठन के चुनाव पूर्ण होने है। सदस्यता अभियान ▶▶| शेष पेज 12 पर

■ जिला चुनाव अधिकारी विक्रम उसेण्डी व बस्तर संभाग प्रभारी ने ली कार्यशाला




### इनकी रही उपस्थिति

कार्यशाला में पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, शिवनारायण पाण्डेय, विद्याशरण तिवारी, श्रीनिवास मिश्रा, श्रीधर ओझा, संतोष बघेल, वेदप्रकाश पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, महापौर सफीरा साहू, गोदावरी साहू, सुब्रतो विश्वास, सुरेश गुप्ता, सतीश सेठिया, फूलसिंह सेठिया, धनुर्जय कश्यप, परिस बेसरा, नारायण ठाकुर, उदबोराम नाग, नरसिंह ठाकुर, निर्भय दीवान, व्हीआर राजपूत, मनोहर तिवारी, आर्येन्द्र आर्य, आलोक अवस्थी, संग्राम सिंह राणा, तरुण चोपड़ा, राजपाल कसेर, योगेश ठाकुर, राधेश्याम पन्द्रे, योगेश शुक्ला, शशिनाथ पाठक, बसंत कश्यप, रोहित त्रिवेदी, लच्छिन यादव, ममता पोटाई, रघु सेठिया, नीलाम्बर सेठिया, पुरूषोत्तम जोशी, सतीश बाजपेयी समेत कार्यकर्ता उपस्थित थे।

एक लाख में हुआ था सौदा, एडवांस में लिया 10 हजार रूपए भी बरामद

# सुपारी लेकर हत्या की योजना बना रहे तीन लोग हथियार के साथ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सुपारी लेकर हत्या की योजना बना रहे तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसकी हत्या की साजिश रची गई थी। उस पर आरोपियों को संदेह था कि उसी की वजह से परिवार में मौतें हो रहीं है जिसके चलते आपसी रजिंश रखता था और उसकी हत्या के लिए एक लाख में सौदा किया था। लेकिन हत्या करने से पूर्व पुलिस को इसकी सूचना मिली और सभी आरोपी हथियार व हत्या के लिए लिए गए एडवांस की रकम बरामद कर लिया। मामला कोड़ेनार थाना क्षेत्र के ग्राम सुरगुड़ा का है। हत्या की खबर मिलने के बाद एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी महेश्वर नाग के निर्देश व एसडीओपी केशलूर दिलीप कोसले के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोड़ेनार मोहम्मद तारिक हरीश के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया था। टीम द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए हत्या की तैयारी कर रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। कोड़ेनार पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम सुरगुड़ा निवासी ▶▶| शेष पेज 12 पर

■ आरोपी को संदेह था कि इसकी वजह से परिवार में हो रही थी मौत



### एडवांस रकम व हथियार बरामद

टीम द्वारा मौके से आरोपी दिनेश कुड़ामी व बामन कुड़ामी के कब्जे से धारदार हथियार टंगिया व चाकू के अलावा एडवांस में मिले 10 हजार रुपए बरामद कर जब्त किया गया। वहीं मामले के मुख्य आरोपी व हत्या के लिए सुपारी देने वाले बुधराम कश्यप का पता तलाश कर उसे उसके घर से गिरफ्तार किया गया। जिसने हत्या की बात कबूली उसके पास रखा 10 हजार रुपए व एक चाकू भी बरामद किया गया। आरोपियों के खिलाफ कोड़ेनार थाना में धारा 103/62, 61,55, 03/05 बीएनएस व धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया।

### इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

त्वरित कार्रवाई में निरीक्षक मोहम्मद तारिक हरीश के अलावा एसआई बलबीर सिंह, एएसआई पन्नालाल कुंजाम, प्रधान आरक्षक संजय मुडमा, आरक्षक संजु कश्यप, बस्तर फाइटर आरक्षक सोनारू यादव व गोविन्द ठाकुर की अहम भूमिका रही।

मजदूरों के पलायन को रोकने के लिए शासन के आदेश का उड़ाई जा रही है धज्जियां

# एनएमडीसी के एसपी थ्री में कंपनियां दूसरे प्रदेशों से मजदूर लाकर करवा रहीं काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

भारत सरकार की नवरत्न कंपनियों में से एक एनएमडीसी लिमिटेड के नवनिर्मित एसपी थ्री स्क्रीनिंग प्लांट के कार्य में एलएनटी, कल्पतरू, जैसी बड़ी कंपनियां दूसरे प्रदेश बंगाल, उड़ीसा, झारखंड से मजदूरों को लाकर काम करवा रहीं हैं। जानकारी के अनुसार जो भी कंपनी दूसरे प्रदेशों से मजदूर को लेकर किसी दूसरे प्रदेश में कार्य करने जाती है उसे श्रम विभाग से अनुमति लेनी पड़ती है। छत्तीसगढ़ शासन बस्तर से हजारों मजदूरों के पलायन को रोकने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उसके उपरांत भी बस्तर के हजारों मजदूर दूसरे प्रदेशों में कार्य की तलाश के लिए जा रहे हैं। दूसरी बार बस्तर के बैलाडीला में दूसरे प्रदेशों से मजदूरों को लाकर कार्य करवा रही है। छत्तीसगढ़ में दूसरे राज्यों से श्रमिको को कार्य करवाने के लिए छत्तीसगढ़ में लाने से पहले जिला प्रशासन को इसकी सूचना देना अनिवार्य होता है, मजदूरों के रुकने के लिए एलएनटी कंपनी एवं अन्य कंपनी द्वारा वार्ड 18 रेलवे कालोनी पटवारी पारा और मित्तल कंपनी के पास मजदूरों के लिए कालोनी बनाया गया है। जिनको साइड में लाने और ले जाने हेतु बस और गाड़ी की कंपनियों द्वारा व्यवस्था की गई है। दूसरे प्रदेश वेस्ट बंगाल, झारखंड, उड़ीसा के दो हजार से भी अधिक मजदूर किरंदुल शहर में ले गए है।

■ स्थानीय लोगों को नहीं दिया जा रहा काम, हो रहा विरोध



### वेतन व पीएफ नहीं जमा हो रहा मजदूरों के खातों में जमा

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कम मासिक वेतन एवं पीएफ भी मजदूरों का जमा नहीं हो रहा है। मजदूरों को कम दर पर कार्य पर रखा गया है परंतु हमारे स्थानीय आदिवासी मजदूरों को कार्य पर रखा नहीं जा रहा है। जहां कंपनी में हजारों मजदूर कार्य कर रहे हैं। वही ऐसी कंपनियां अपने बाहर से लाए हुए मजदूरों से ही अपना दिन रात कार्य करवा रही है। स्थानीय मजदूरों को उचित दर और कार्य न मिलने के कारण आक्रोशित स्थानीय मजदूरों द्वारा कई बार इस भेदभाव के लिए एसपी थ्री में धरना देकर कार्य बंद कराया जा चुका है।

### काम बंद करवाने करेंगे प्रदर्शन



हमें लगातार स्थानीय ग्रामीणों से सूचना मिल रही है कि एनएमडीसी के एसपी थ्री में कार्य करने आए बाहरी कंपनियों द्वारा दूसरे प्रदेश से हजारों के तादाद में मजदूरों को लाया गया है और हमारे बस्तर के मजदूर दूसरे प्रदेशों में कार्य के लिए लगातार पलायन कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ में जब से भाजपा की सरकार बनी है तब से इस तरह के घटनाएं बढ़ गई है। इसका हम पुरजोर विरोध करते हैं और जल्द बैलाडीला में ऐसी कंपनियों का कार्य बंद करवाने धरना प्रदर्शन करेंगे।

- तूलिका कर्मा, जिपं अध्यक्ष, दंतेवाड़ा

## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

**खबर संक्षेप**

## प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना मुफ्त बिजली के साथ कराएगी अतिरिक्त आय

**कोण्डागांव।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत शासन द्वारा शहरी एवं ग्रामीण घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को अपने घरों की छत पर रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। यह योजना बिजली के क्षेत्र में उपभोक्ताओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं हरित ऊर्जा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ राज्य की भागीदारी सुनिश्चित करने में पीएम सूर्य घर योजना महत्वपूर्ण साबित होगी। इस योजना के तहत स्थापित प्लांट नेट मीटरिंग द्वारा विद्युत ग्रिड से संयोजित होगा। जिससे खपत से अधिक उत्पादित बिजली ग्रिड में सप्लाई होगी। इससे न केवल उपभोक्ताओं के घर की बिजली शून्य होगा। बल्कि ग्रिड में दी गई बिजली के एवज में अतिरिक्त आय भी प्राप्त होगी। घर के छतों में सौर पैनल स्थापना के लिए हितग्राहियों को शासन द्वारा 30 से 78 हजार रुपएकी सब्सिडी प्रति प्लांट दी जाएगी। रूफटॉप सोलर संयंत्र की क्षमता अनुसार 1 किलोवॉट के लिए लगभग 65 हजार रुपए की लागत पर शासन द्वारा 30 हजार रुपए की सब्सिडी दी जाएगी। 2 किलोवाट के लिए 1 लाख 30 हजार रुपए की लागत पर 60 हजार रूपए की सब्सिडी और 03 किलोवाट से अधिक की सोलर संयंत्र के लिए 01 लाख 95 हजार की लागत पर 78 हजार रुपए की सब्सिडी दी जाएगी। इसमें हितग्राही का अंशदान 10 प्रतिशत रहेगा और शेष राशि के लिए बैंकों द्वारा 7 प्रतिशत की ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराई जाएगी।

## विकासखंड स्तरीय बस्तर ओलम्पिक, प्रतियोगिता का उद्घाटन होगा आज

**कोण्डागांव।** विकासखंड स्तरीय बस्तर ओलम्पिक प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह गुरुवार को सुबह 11 बजे स्थानीय विकास नगर स्टेडियम में किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी होंगी। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में बस्तर लोकसभा सांसद महेश कश्यप, कांकेर लोकसभा सांसद भोजराज नाग, केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहेंगे।

## शोकाकुल परिवार से मिला यादव समाज



**नगरी।** ग्राम बेलरगांव के भूखर्रा तालाब में डूबने से यादव समाज की दो सगी बेटी के साथ आदिवासी समाज की एक बेटी की मौत हो गई। इसकी जानकारी मिलने पर जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ यादव समाज के डीके यादव के नेतृत्व में सर्वयादव समाज सिहावा क्षेत्र के पदाधिकारयों ने बेलरगांव पहुंचकर नम आंखों से तीन मृत बेटियों को श्रंद्धाजलि अर्पित की। पदाधिकारयों ने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। कहा कि यह बेटी सिर्फ आपके परिवार की ही नहीं बल्कि पूरे सर्व समाज की बेटी थी। इनके निधन से परिवार, समाज एवं क्षेत्रवासियों को काफी पीड़ा पहुंची है।

# सामूहिक नृत्य में स्वरांजली डांस ग्रुप रतनपुर, एकल में गणिका अरौद रहीं प्रथम

**केंवटीनटोला में राज्यस्तरीय रात्रिकालीन डीजे डांस प्रतियोगिता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर

श्री श्री बाल गणेश सिंघम समिति ग्राम केंवटीनटोला जिला कांकेर के तत्वावधान में दीपावली के अवसर पर राज्यस्तरीय रात्रिकालीन डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन भाईदूज को रखा गया था। कार्यकम रात्रि 8 बजे से सुबह 9 बजे तक चला। जिसमें पूरे छत्तीसगढ़ के कलाकारों को अपनी अभिनय एवं कला दिखाने का अवसर दिया गया। कांकेर, रायपुर ,बिलासपुर, महासमुंद, कोंडागांव , बस्तर, बालोद, और धमतरी जिला के कलाकारों ने भाग लिया। तीन श्रेणियों में ईनाम रखा गया था। शील्ड एवं आकर्षण पुरस्कार छत्तीसगढ़ के ख्याति प्राप्त निर्णायक मंडल के निर्णय के आधार पर दिया गया।

### इनका रहा योगदान

कार्यक्रम को सफल बनाने में संतोष नायक, अर्जुन भूवार्य, तोमेश साहू, पंकज साहू, लालेश साहू, प्रफुल्ल चूरेंद्र ,पवन चूरेंद्र, ईश्वर कोसमा प्रेमप्रकाश सोनवानी , डोमेश कुलदीप, मुनेश चूरेंद्र, पूनमचंद कुलदीप , हेमलाल भूवार्य ,सामरथ नायक, देवनाथ नायक,नूतन भूवार्य केशव बढ़ाई, चेतन साहू , ओमेश्वर भूवार्य ,मधुभूवार्य, प्रीतम कोसमा , गोविंद चुरेंद्र, संजय भेड़िया के साथ साथ समस्त ग्रामवासीयों का योगदान रहा।



### ये रहे अतिथि

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के हेमनारायण गजबल्ला उपाध्यक्ष जिला पंचायत कांकेर, कार्यक्रम की अध्यक्षता रामचरण नायक सरपंच ग्राम पंचायत केवटिनटोला , विशेष अतिथि डिकुंतला साहू जनपद सदस्य कांकेर ,अशोक यादव, अमर सिंह बढ़ाई ग्रामपटेल ,गौतम नायक , छत्रपाल साहू, रामदास साहू, हरिचंद कुलदीप, पुनीत चालकी, मोहपत कावड़े , चंदन भुवार्य रहे।

### ये रहे विजेता

जिसमें सामूहिक नृत्य प्रथम स्वरांजली डांस ग्रुप रतनपुर बिलासपुर, द्वितीय जय मां दंतेश्वरी डांस ग्रुप बासकोट कोंडागांव, तृतीय बस्तरीहा डांस ग्रुप अंतागढ़ कांकेर, यूगल नृत्य प्रथम पवन हिना रायपुर , द्वितीय कौशल लक्ष्मी पटेवा महासमुंद , तृतीय भवानी चांदनी हरवेल कोंडागांव रहा। एकल नृत्य में प्रथम गणिका विश्वकर्मा अरौद , द्वितीय नम्रता गोटी दमकसा, तृतीय वृंदाराधा पटेवा महासमुंद ने प्राप्त किया।

**राज्य स्थापना दिवस : कोण्डागांव में 25वें राज्योत्सव का भव्य आयोजन**

# छत्तीसगढ़ व बस्तर के पारंपरिक लोकगीतों की बही बयार, सरकार की योजनाओं से रूबरू हुए नागरिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 25वें राज्योत्सव समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम मुख्य अतिथि रहे। समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और विभागीय उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई। साथ ही सांस्कृतिक संध्या में लोक कलाकारों और स्कूली छात्र–छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। छत्तीसगढ़ी गीतों व लोकगीतों की जमकर बयार बही। वहीं स्टालों के माध्यम से सरकार की योजनाओं से नागरिक रूबरू हुए।

विधायक श्री टेकाम ने अपने संबोधन में छत्तीसगढ़ राज्य के विकास और प्रगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों, महिलाओं और युवाओं के कल्याण के लिए कई योजनाएं चला रही है। उन्होंने नक्सलवाद उन्मूलन के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में भी बताया। जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मातलाम ने वन संरक्षण के महत्व पर जोर दिया। जिले के विकास के लिए शिक्षा सहित अन्य क्षेत्रें में सभी प्रयासों से आगे बढ़ने की बात कही।



कलेक्टर श्री दुदावत ने जिलेवासियों को छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर बधाई दी और जिले की उपलब्धियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोण्डागांव आकांक्षी जिला है और शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, वित्तीय समावेशन, कौशल विकास एवं बुनियादी ढांचे के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति की है।

### ये रहे मौजूद

समारोह में पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती भगवती पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती वर्षा यादव, नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी, दीपेश अरोरा एवं अन्य जनप्रतिनिधियों सहित जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



### सांस्कृतिक संध्या में आकर्षक प्रस्तुति

सांस्कृतिक संध्या में स्थानीय कलाकारों और स्कूली छात्र–छात्राओं ने आकर्षक लोक नृत्य की प्रस्तुतियां दीं। साथ ही चिरैया लोकमंच, छत्तीसगढ़ी लोकरंग और रंग झांझर की टीम ने छत्तीसगढ़ी गीतों एवं बस्तर की पारंपरिक लोक गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी।

# दो चोर गिरफ्तार, सोलर पंप जब्त आरोपियों को भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव



कोंडागांव जिले की फरसगांव थाना पुलिस ने दो अलग अलग मामले में पंप की चोरी के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। जानकारी के अनुसार 5 नबम्बर मंगलवार को प्रार्थी अयतुराम कचलाम निवासी नयानार बीचपारा का घर में रखे सोलर पंप एवं प्रार्थी हिरासिह मण्डावी निवासी हरवाकोडो के घर में रखे एक नग टूल्लू पंप को 4 नबम्बर सोमवार की रात्रि में किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर ले जाने के रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने धारा 331 (4) 305 (1) बीएनएस तथा अपराध कमाक 155/2024 धारा 331 (4) 305(1) बीएनएस दर्ज कर विवेचना में लिया गया। मामले के गंभीरता व क्षेत्र में चोरी की घटना को रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव येडेवल्ली अक्षय कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन में तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केशकाल भूपत धनेश्री के पर्यवेक्षण में थाना फरसगांव पुलिस द्वारा तत्काल मुखबीर लगाते हुये आवश्यक कार्रवाई कर चोरी करने वाले आरोपी अनित नेताम पिता चमराराम नेताम उम्र 35 वर्ष निवासी हरवाकोडो द्वारा अपने घर में छुपाकर रखे 1 नग सोलर पंप कीमती 15000 रुपए तथा अन्य दूसरे अपराध के आरोपी अन्तुराम मण्डावी पिता चमराराम उम्र 31 निवासी हरवाकोडो द्वारा अपने घर में छुपा करे रखो टूल्लू पंप कीमती लगभग 15000 रुपए कुल कीमती 30000 रुपए को आरोपियों के कब्जे से बरामद किया है। रिपोर्ट के चंद घंटों में 5 नवम्बर को गिरफ्तार कर विधिवत कार्रवाई के बाद 6 नवम्बर बुधवार को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया ।

### इनका रहा योगदान

उक्त कार्रवाई में निरीक्षक संजय सिन्दे थाना प्रभारी, सउनि. पिताम्बर कठार, सुरेन्द्र बघेल, आरक्षक शंकर मरकाम, कृष्णा सेटिया, कृष्णा सोनवानी की महत्त्वपूर्ण योगदान रहा।

# तीन गांवों में पुलिया निर्माण कार्य का किया गया शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोंडागांव विधानसभा के अंतर्गत आने वाले विकासखंड माकड़ी में स्थानीय ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करते हुए विधायक लता उसेंडी ने पुलिया निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। ग्राम बालोंड, देवहरदुली और सोडसिवनी के निवासियों को अब पुलिया के निर्माण से आवागमन में राहत मिलेगी। इस अवसर पर ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए लता उसेंडी का आभार प्रकट किया। विधायक लता उसेंडी ने 12 करोड़ रुपएकी लागत से बालोंड में बासनी नाला पर उच्च स्तरीय पुल, देवहरदुली मार्ग पर पुलिया, और सोडसिवनी ओण्डरी मार्ग पर नाला निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया। बालोंड में 520.92 लाख रुपये, देवहरदुली में 467.64 लाख रुपये और सोडसिवनी में 194.80 लाख रुपये की लागत से ये परियोजनाएं पूरी की जा रही हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अब विधानसभा में विकास के कार्य तेजी से होंगे, क्योंकि प्रदेश और केंद्र में भाजपा की सरकार है, जो जनता से किए वादों को पूरा करने में तत्पर है। लता उसेंडी ने कहा, "ग्रामीणों की यह मांग कई सालों से लंबित थी। जिसे हमारी सरकार ने 10 माह के अंदर कार्यान्वित किया। क्षेत्र में कोई भी विकास का कार्य अधूरा नहीं रहेगा।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष दीपेश अरोरा, बालकुंवर प्रधान, चंदन साहू, दीपेंद्र नाग, संजू ग्वाल, प्रतोश त्रिपाठी, मनीष साहू, पूर्व सरपंच मोहन मरकाम, पाचिया चौहान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे। सभी ने विधायक लता उसेंडी का अभिनंदन किया और इस विकास कार्य के प्रति उनके प्रयासों की सराहना की।



# छठ पूजा की तैयारी, शहर के मुख्य तालाब का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छठ पूजा पर्व के मद्देनजर शहर के मुख्य तालाब पर तैयारी कार्य जोरों पर है। नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी और पार्षद अंकुश जैन ने मंगलवार को तालाब का निरीक्षण किया। इस दौरान नगरपालिका उपाध्यक्ष ने सफाई, ब्लीचिंग, पेंटिंग और रेत डालने जैसे आवश्यक कार्यों के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बारीकी से मूल्यांकन किया गया। ताकि छठ पूजा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। बिजली व्यवस्था और अन्य जरूरी इंतजामों का भी जायजा लिया और सफाई कार्य को प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया। जिससे श्रद्धालुओं को एक सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण मिल सके। इस अवसर पर नगर पालिका सीएमओ दिनेश डे सहित ललित देवांगन, भरत चक्रधारी, मनोहर साहू, देवेंद्र मौर्य और अविनाश उपस्थित रहे।

समयसीमा की बैठक में बस्तर ओलंपिक के तैयारी की भी समीक्षा की

# पीएम सूर्यघर योजना का करें बेहतर क्रियान्वयन : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने समय–सीमा की बैठक में बस्तर ओलंपिक के जिला व विकासखण्ड स्तरीय आयोजन की तैयारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी ली और सुव्यवस्थित आयोजन के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार बस्तर ओलंपिक का भव्य आयोजन किया जाना है। इस दौरान किसी भी प्रकार की चूक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को स्वास्थ्य व सुरक्षा को लेकर व्यापक इंतजाम के साथ भोजन, पेयजल और परिवहन सहित सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री दुदावत ने बुधवार को आयोजित समय सीमा की बैठक में प्रधानमंत्री सूर्यघर– मुफ्त बिजली योजना के बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश देते हुए कहा कि केन्द्र शासन की यह महत्वाकांक्षी योजना हैं। इस योजना से हितग्राहियों को मुफ्त बिजली मिलेगी, साथ ही खपत से अधिक बिजली उत्पादन पर अतिरिक्त आय भी प्राप्त कर सकेंगे। इस योजना अंतर्गत प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करें। साथ ही इसके लिए ऋण स्वीकृति के प्रकरण के निराकरण में भी तेजी लाएं। गिरदावरी सत्यापन के कार्य में अच्छी प्रगति आई है और सत्यापन के लिए शेष कार्य को भी सभी जिला स्तरीय अधिकारी इस कार्य को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराने में सहयोग करें। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों की समीक्षा करते हुए नये स्वीकृत कामों के लिए पंजीयन में तेजी लाने कहा। स्वीकृत आवास के निर्माण कार्य में प्रगति लाने के लिए सभी जनपद सीईओ को निर्देशित किया। उन्होंने जलसंसाधन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में स्थित सभी चेकडेम के गेट बंद हो, यह सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने बैठक में जनदर्शन और समय–सीमा के आवेदनों पर कार्यवाही की जानकारी ली और लंबित प्रकरणों के जल्द से जल्द निराकरण करने हेतु निर्देशित किया। इसके अलावा धान खरीदी की तैयारी, सहकार से समृद्धि के तहत समिति का गठन, शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना के तहत नवीन केन्द्र खोलने सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



## पेज 11 के शेष

### नाइट एक्सप्रेस ट्रेन ....

के सवाल के जवाब में विशाखापटनम- किरंदुल नाइट एक्सप्रेस को प्लेटफार्म नंबर दो पर खड़ी करने से बीमार यात्रियों को काफी परेशानी होती है। इस संबंध में चर्चा करते हुए के कामर्शियल मैनेजर ने कहा कि चूंकि जगदलपुर में समलेश्वरी एक्सप्रेस के जाने का और नाइट एक्सप्रेस के आने का समय एक है। इस कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। हम प्रयास करेंगे की नाइट एक्सप्रेस को वाल्टेयर से एक घंटे विलंब से किरंदुल के लिए रवाना किया जाए, ताकि उसके जगदलपुर पहुंचने तक समलेश्वरी एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म छोड़ चुकी होगी और नाइट एक्सप्रेस प्लेटफार्म नंबर एक पर आ पाएगी तथा मरीजों व अन्य यात्रियों को राहत मिलेगी। चर्चा के दौरान बस्तर चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रिंसिपल चीफ सेफ्टी व कर्मशियल ऑफिसर श्री मिश्रा ने कहा कि जगदलपुर से काफी संख्या में बसें रायपुर जाती हैं पर अधिक किराया से यात्री नाखुश हैं। जगदलपुर के साथ कोटपाड़, जैपुर और कोरापुट से जगदलपुर- दुर्ग इंटरसिटी एक्सप्रेस को औसतन कितने रेल यात्री प्रतिदिन मिल सकते हैं, इसकी रिपोर्ट तैयार कर संबंधित कमर्शियल विभाग को भेजा जाएगा, ताकि समय परिवर्तन के साथ इस ट्रेन को फिर से शुरु किया जा सके। मरीजों और यात्रियों की सुविधा को देखते हुए विशाखापटनम- किरंदुल नाइट एक्सप्रेस को कम से कम 1 घंटा विलंब से विशाखापटनम से रवाना करने का प्रयास किया जाएगा, ताकि उसे सुबह जगदलपुर स्टेशन का प्लेटफॉम नंबर एक खाली मिले।

दल्ली राजहरा-जगदलपुर रेल लाइन कार्य जल्द कराने प्रयासरत : श्री मिश्रा ने स्पष्ट किया कि जगदलपुर- रावघाट प्रोजेक्ट दक्षिण पूर्व केंद्रीय रेलवे के तहत है। इसका निर्माण कार्य प्रारंभ कराने हम भी प्रयास कर रहे हैं। रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी बुधवार सुबह ईस्ट कोस्ट रेलवे क्षेत्र में जोनल सेफ्टी की जांच के उद्देश्य से बस्तर आए हैं। उनके साथ विशाखापटनम से एडिशनल डीआरएम मनोज कुमार साहू तथा अन्य अधिकारी भी पहुंचे हैं।

### संगठन चुनाव की....

का जो निर्धारित लक्ष्य दिया गया है, उसे समय पर पूरा करें। सक्रिय सदस्यता बनाने का कार्य भी शुरू हो चुका है, जिन्हें दायित्व सौंपा गया है, वो गंभीरता से उसका निर्वहन करें। उसेण्डी ने कहा कि जिले में संगठन चुनाव के लिये सभी 11 मण्डल में मण्डल पर्व सहयोगी व सह सहयोगी की नियुक्ति की गयी है। मण्डल स्तर पर भाजपा के कार्यकर्ताओं की बैठकें आरंभ करें, जिसमें भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले नव सदस्यों की सूची भी बनाये। कार्यशाला को बस्तर संभाग प्रभारी रजनीश सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष रुपसिंह मण्डावी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री रामाश्रय सिंह और आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष योगेन्द्र पाण्डेय ने किया।

### सुपारी लेकर हत्या ...

बुधराम कश्यप अपने विरोधी बोमड़ा मण्डावी निवासी सुरगुड़ा की हत्या करने की प्लानिंग कर ग्राम मेटापाल थाना कटेकल्याण के रहने वाले दिनेश कुड़ामी उर्फ वासू और बामन कुड़ामी को हत्या करने के बाद एक लाख रुपए दूंगा कहकर ग्राम सुरगुड़ा बुलवाया है। रात में बोमड़ा मण्डावी की हत्या करने की योजना बनाए हुए थे। सूचना पर टीम ग्राम सुरगुड़ा पटेल पारा पहुंचकर घेराबंदी कर संदिग्ध अवस्था में मोटर सायकल के साथ खड़े दो लोगों को हिरासत में लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम दिनेश कुड़ामी व बामन कुड़ामी निवासी ग्राम मेटापाल का निवासी बताया। कड़ाई से पूछताछ करने पर उन्होनें बताया कि ग्राम सुरगुड़ा निवासी बुधराम कश्यप से बोमड़ा मण्डावी की हत्या करने की एक लाख रुपए की सुपारी की बात होने पर ग्राम मेटापाल से मोटर सायकल में हथियार, टंगिया, चाकू रखकर ग्राम सुरगुड़ा हत्या करने के लिए आए है। हत्या के लिए बतौर एडवांस बुधराम कश्यप द्वारा 10 हजार रुपए देना व हत्या के बाद घर में रखा 10 हजार रूपए देने की बात कही गई थी। मुख्य आरोपी बुधराम कश्यप को संदेह था कि बोमड़ा मंडावी की वजह से उसके परिवार में मौतें हो रही है जिसके चलते वह उससे रंजिश रखता था।

### ओडिशा की किंगफिशर ...

अंग्रेजी किंगफिशर बीयर बेचने के लिए छुपाकर रखा गया है। सूचना पर टीम द्वारा रेड कार्रवाई करते हुए नीरज भारद्वाज 34 वर्ष निवासी बड़े किलेपाल थाना कोडेनार के गायकोठा में दबिश दी गई। मौके से टीम ने 192 किंगफिशर बीयर कुल 124.800 लीटर बरामद किया। जब्त शराब की अनुमानित कीमत 57 हजार 6 सौ रुपए आंका गया है। कोड़ेनार पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 34 (2), 36,59 (क) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया। त्वरित कार्रवाई में एसआई बलबीर सिंह, एएसआई पन्नालाल कुंजाम, प्रधान आरक्षक नारायण नरेन्द्र कुमार प्रभाकर, आरक्षक सुरेश आंचले, विनय ठाकुर महिला आरक्षक हस्तिना कश्यप व बस्तर फाईटर के आरक्षक गोविन्द ठाकुर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**लोकसभा और राज्यसभा सत्र के प्रसारण को अवश्य देखें : दुदावत**

# कलेक्टर ने युवा संसद के विजेता विद्यार्थियों से मिलकर बढ़ाया हौसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- संभाग स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता में कोंडागांव जिला रहा प्रथम

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में संभाग स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता के विजेता छात्र–छात्राओं से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि युवा संसद प्रतियोगिता में पीएमश्री आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल कोंडागांव के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता जनप्रतिनिधियों की कार्य प्रणाली एवं संसद को निकट से जानने–समझने का अवसर प्रदान करती है। आज के छात्र–छात्राएं ही भविष्य में जनप्रतिनिधि बनेंगे। इसके लिए आप सभी लोकसभा और राज्यसभा के सत्र के प्रसारण को अवश्य देखें। जिले के विद्यार्थियों ने कड़े मुकाबले में बीजापुर, कांकेर, बस्तर व अन्य टीमों को पीछे छोड़ते हुए जीत दर्ज की है। कलेक्टर ने इस दौरान संसद की विभिन्न गतिविधियों, संसद एवं विधानसभा में जनप्रतिनिधियों के जिम्मेदारियों और कार्य प्रणाली, प्रश्नकाल के दौरान चर्चा सहित विभिन्न विषयों के बारे में विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी दी। कलेक्टर ने इस अवसर सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ऐसे ही प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता में भाग लें। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई सहित विद्यालय के छात्र–छात्राएं, शिवलाल शर्मा प्राचार्य सेजस जामकोटपारा कोंडागांव, नरेंद्र नायक प्राचार्य शाबाउमावि कोंडागांव, दिनेश शुक्ला प्राचार्य पीएम सेजेस एम जी वार्ड कोंडागांव, नोडल अधिकारी अखिलेश गायधने, तौसीफ आलम, सीमा नंदेश्वर, रूबी भट्टाचार्य, हिमांशु शर्मा, राखी सिंह उपस्थित रहे।



### प्रभावी ढंग से दी प्रस्तुति

जगदलपुर में आयोजित संभाग स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता 2024–25 में कोंडागांव जिले ने प्रथम स्थान प्राप्त कर बस्तर संभाग में अपना परचम लहराया है। संसद प्रतियोगिता में समसामयिक मुद्दों और क्षेत्र की समस्याओं को प्रभावी ढंग से संसद के पटल पर रखने के कारण कोंडागांव के छात्रों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया था। कोंडागांव जिले के छात्रों ने कड़े मुकाबले में बीजापुर, कांकेर, नारायणपुर, सुकमा, दंतेवाड़ा, बस्तर की टीमों को पीछे छोड़ते हुए जीत दर्ज की। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि में अभिभावकों एवं शिक्षकों का विशेष योगदान रहा। छात्र–छात्राओं को संसद की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। संसदीय कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई और उसकी लगातार अभ्यास कराया गया था।

## खबर संक्षेप

### छठ पर्व प्रकृति और मानव के बीच के प्रेम को दर्शाता है



जगदलपुर। सांसद महेश कश्यप ने लोक आस्था के प्रतीक चार दिवसीय महापर्व छठ के अवसर पर भगवान भास्कर से राज्य व क्षेत्र की प्रगति, सुख, समृद्धि, शांति और सौहार्द्र के लिये प्रार्थना की है। उन्होंने कहा कि छठ पूजा का पर्व सूर्य देवता की उपासना और प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने का महान अवसर है। सांसद ने कहा कि यह पर्व प्रकृति और मानव के बीच के प्रेम को दर्शाता है। सूर्य देवता की आराधना करने से हम जीवन के हर पहलू में सकारात्मकता और नई ऊर्जा का अनुभव करते हैं। छठ पूजा का महत्व सिर्फ धार्मिक आस्था में नहीं, बल्कि हमारे समाज की संस्कृति, एकता और सौहार्द में निहित है। सांसद ने कहा कि यह पर्व हमें एकजुट करता है और हमें अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को सही तरीके से निभाने की प्रेरणा देता है। भगवान भास्कर एवं छठी मइया सबकी मनोकामना पूर्ण करें इसकी मुख्यमंत्री ने कामना की है।

### छठी मईया सभी छठ व्रतियों की मनोकामना पूर्ण करें



जगदलपुर । भाजपा कोषाध्यक्ष रजनीश पानीग्राही ने लोक आस्था के प्रतीक चार दिवसीय महापर्व छठ के अवसर पर भगवान भास्कर व छठी मईया से समस्त छठ व्रतियों के परिवारों को सुख, समृद्धि, शांति की प्रार्थना करते हुए शुभकामनाएं दी है। उन्होने कहा कि पहले दिन व्रती महिलाएं इंद्रावती नदी व गंगा मुंडा, दलपत तालाब में स्नान कर नहाय-खाय विधान पूरा कर आज बुधवार को खरना विधान संपन्न किया इसके साथ ही छठ व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू होगा। गुरुवार 7 नवंबर को डूबते तथा शुक्रवार 8 नवंबर को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद पर्व संपन्न होगा। उन्होंने कहा कि सूर्य देवता की आराधना करने से हम जीवन के हर पहलू में सकारात्मकता और नई ऊर्जा का अनुभव करते हैं। यह पर्व हमें अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को सही तरीके से निभाने की प्रेरणा देता है। भगवान भास्कर एवं छठी मइया सभी छठ व्रतियों की मनोकामना पूर्ण करें।

## राज्य के निर्माण करने वाले विभूतियों को नमन और प्रदेश विकास के कई ऊंचाइयों को छुए यही कामना : लता

# राज्योत्सव पर स्कूली बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुति






हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ राज्य के 24 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राज्योत्सव का आयोजन शहर के सिटी ग्राउंड में किया गया। इस भव्य आयोजन में बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं विधायक लता उसेंडी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने इस राज्योत्सव में चार चांद लगाए, जिसमें स्कूली बच्चों और लोक नर्तक दलों की शानदार प्रस्तुतियां विशेष आकर्षण रहीं।

उसेंडी ने कहा कि राज्योत्सव के अवसर 24 साल में छत्तीसगढ़ के निर्माण करने वाले विभूति पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी को नमन करते हुए राज्य और जिलों के निर्माण और विकास में योगदान के लिए आभार व्यक्त की। प्रदेश विकास की ऊंचाइयों को छुए यही हमने कामना की है, राज्य ने कई आयाम को पाया है। हमारे सरकार के समय कई विकास के कार्य हुए जिसका लाभ बस्तर को मिला। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार कई कल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रही है। युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान की जा रही है। प्रधानमंत्री के द्वारा आत्मनिर्भरता पाठ के साथ उस पर कार्य करने की पहल की गई है और भी कई जनकल्याणकारी योजनाएं चलाया जा रहा है। साथ ही हमे विकसित भारत के संकल्पना में सारे इंडिकेटर को पूरा कर देश और प्रदेश को विकसित बनाने का प्रयास करना है जिसमें सभी की सहभागिता जरूरी है। उन्होंने कार्यक्रम में सभी को राज्योत्सव की बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने विभिन्न विभागों के स्टॉल का अवलोकन कर हितग्राहीमूलक योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को सामग्री एवं चेक वितरित किया।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, एमआईसी सदस्य, पार्षदगण, कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी., पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, जिला पंचायत सीईओ प्रतिष्ठा ममगाई, डीएफओ उत्तम गुप्ता सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़ राज्य की अलग पहचान

महापौर सफिरा साहू ने सभी नगर और प्रदेशवासियों को 24 वर्ष राज्योत्सव की बधाई दी। उन्होंने कहा कि देश में छत्तीसगढ़ राज्य की अलग पहचान है, सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहर से परिपूर्ण राज्य के रूप में पहचाना जाता है। ऐसे ही हमारे बस्तर क्षेत्र को भी जाना जाता है, राज्योत्सव के इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम में हमारे बस्तर की छवि को प्रदर्शित करने वाले प्रमुख लोक नृत्यों को प्रस्तुत किया जा रहा है, इसके लिए सभी को बधाई।

### हर नागरिक सशक्त और आत्मनिर्भर बने

कलेक्टर हरिस एस ने बताया कि जिले में हमने विभागीय योजनाओं और नवाचारों के द्वारा कई विकास कार्यों को गति दी है जिसका संक्षिप्त प्रदर्शन विभागीय स्टालों के माध्यम से किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य है कि हर नागरिक सशक्त और आत्मनिर्भर बने, अपने हुनर और सामर्थ्य को पहचाने। साथ ही बस्तर क्षेत्र के प्राकृतिक संसाधन, लोक कला, नृत्य शैली व सांस्कृतिक परंपरा को संरक्षण कर सांस्कृतिक धरोहर को देश-विदेश में प्रदर्शित कर नाम कमाया है। राज्योत्सव के माध्यम से प्राकृतिक संसाधन, पर्यावरण, लोक कला-संस्कृति का संदेश देना चाहते हैं ताकि आने वाले पीढ़ी को इस धरोहर का लाभ दे सकें।

### पद्मश्री धरमपाल सैनी सम्मानित

कार्यक्रम में पद्मश्री धरमपाल सैनी को धुरवा तुवाल और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम में सहभागिता निभाने वाले लोक नर्तक दल, स्कूली बच्चों को प्रशस्ति पत्र सहित क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया गया।

# साइडिंग में आ रही समस्या दूर करने चेम्बर प्रतिनिधिमंडल रेल अधिकारी से मिले



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

ईस्ट कोस्ट रेलवे के प्रिंसिपल चीफ सेफ्टी एंड चीफ कामर्शियल मैनेजर संजय कुमार मिश्रा भुवनेश्वर से पहुंचे। उनसे मिलने और साइडिंग में आ रही समस्याओं को लेकर बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंड्रस्टीज के अध्यक्ष श्याम सोमानी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल स्टेशन पहुंच अधिकारी का ध्यानाकर्षण कर इसे दूर करने मेमोरेण्डम सौंपा। पदाधिकारियों ने लौह अयस्क सहित मक्का और चावल के लोडिंग में आ रही समस्याओं पर रेल अधिकारियों को मांगपत्र सौंप उनका ध्यानाकर्षण कराया। उनकी बातें सुनने के बाद अधिकारियों ने बताया कि अमृत स्टेशन योजना के तहत मांगी गई सारी सुविधाएं जगदलपुर स्टेशन को उपलब्ध कराई जा रही हैं। जल्द ही इनका लाभ यहां के व्यापार को मिलेगा। बस्तर चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष श्याम सोमानी समेत महामंत्री नवरतन जलोटा, उपाध्यक्ष विमल बोथरा, राजकुमार दंडवानी, दीपेश राजपुरिया आदि सुबह 11 बजे स्टेशन पहुंचकर रेलवे के कामर्शियल मैनेजर संजय मिश्रा तथा विशाखापटनम के एडिशनल डीआरएम मनोज कुमार साहू से साइडिंग की समस्याओं पर व्यापक चर्चा की तथा मांग पत्र सौंपा।

■ प्रिंसिपल चीफ सेफ्टी व कमर्शियल अफसर को चेम्बर ने सौंपा मेमोरेण्डम

ज्ञापन में कहा गया है कि बीसीएन साइडिंग के रूट नंबर 7 की बुनियादी सुविधाओं की कमी को लाना चाहते हैं। कई आश्वासनों के बावजूद कथित बिंदुओं का समाधान नहीं किया गया है। हम चाहते हैं कि वर्तमान में, बीसीएन साइडिंग के लिए कोई स्थायी एप्रोच रोड नहीं है। अस्थायी व्यवस्था की गई है पर बारिश और अन्य मौसम की स्थिति के कारण ये अक्सर अनुपयोगी हो जाती हैं। यहां एक स्थायी एप्रोच रोड का निर्माण किया जाए। जगदलपुर साइडिंग 24 घंटे संचालित होती है, लेकिन रूट नंबर 7 पर बीसीएन ट्रैक के लिए कोई प्रकाश व्यवस्था नहीं है। इसलिए रात के समय संचालन के दौरान सुरक्षा के हिसाब से पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की जाए। साइडिंग में वर्तमान में कोई मर्चेंट या लेबर रूम उपलब्ध नहीं है। ये सुविधाएँ बुनियादी आराम और परिचालन दक्षता के लिए आवश्यक हैं और इन्हें साइडिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के हिस्से के रूप में प्रदान किया जाना चाहिए। मजदूरों के लिए पानी की उपलब्धता एक बुनियादी आवश्यकता है, किंतु साइडिंग में जल आपूर्ति नहीं है।

### साइडिंग में शेड की कमी

साइडिंग में वर्तमान में शेड की कमी है जो सामग्री के उचित भंडारण और सुरक्षा के लिए आवश्यक है। शेड आवश्यक कवर प्रदान करेगा और विशेष रूप से प्रतिकूल मौसम की स्थिति के दौरान माल को संभावित नुकसान से बचाएगा। इन बुनियादी ढांचे की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। हम बीसीएन साइडिंग में परिचालन स्थितियों में सुधार के लिए सकारात्मक कार्रवाई की आशा करते हैं।

# अंचल के विकास सरकार की प्राथमिकता : सांसद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

ग्रामीण क्षेत्रो में आवाजाही बढ़ने से विकास की उम्मीदें बढ़ जाती है। आवागमन सुचारु करने सड़क का होना आवश्यक है। विष्णुदेव सरकार बस्तर विकास को प्राथमिकता में लेकर विकास और निर्माण कार्य किये जा रहे है। सीसी सड़क निर्माण भी विकास की एक कड़ी है। उक्त बातें बस्तर सांसद महेश कश्यप ने कही। बुधवार को तोकापाल मण्डल के ग्राम पंचायत मेटावाड़ा में विधायक निधि 5 लाख रुपये की लागत से सीसी सड़क निर्माण का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद महेश कश्यप, विधायक विनायक गोयल, जिला पंचायत सदस्य रैतू राम बघेल, जिला पंचायत सदस्य रामबती भण्डारी , जिला भाजपा मंत्री बाबुल नाग, जिला मंत्री युवा मोर्चा चन्द्रकांत भंडारी, रितेश जोशी, मिटकू राम एवं सरपंच, सचिव, पंचगण, एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

■ सांसद और विधायक ने किया सीसी सड़क का भूमिपूजन

सांसद ने कहा विधायक निधि से बनने वाली यह सीसी सड़क क्षेत्र के ग्रामवासियों को आवागमन में सहुलियत प्रदान करेगी और सड़क की गुणवत्ता बेहतर होने से गांव में विकास की नई राह खुलेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षा कर रहे चित्रकोट विधायक विनायक गोयल ने कहा ग्रामवासियों की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए सड़क निर्माण कार्य शुरू किया जा रहा है। इसके पूरा होने से गांव के विकास में और गति आएगी।

## बस्तर विवि के स्टॉल का सीएम ने किया अवलोकन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 24 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में राजधानी रायपुर में राज्योत्सव पर उच्च शिक्षा विभाग द्वारा लगाए गये प्रदर्शनी डोम में शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर का भी स्टॉल लगाया गया है।

■ नवा रायपुर में आयोजित राज्योत्सव में उच्च शिक्षा विभाग की लगी प्रदर्शनी

राज्योत्सव के दूसरे दिन मंगलवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बस्तर विश्वविद्यालय के प्रदर्शनी स्टॉल का अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विवि की एकेडमिक गतिविधियों से संबंधी फ्लेक्स और कालीपुर में प्रस्तावित विवि के नए भवन के बिल्डिंग मॉडल की सराहना की। विवि के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ सजीवन कुमार ने इस दौरान जनजातीय विद्यार्थियों के लिए बहुविषयी शिक्षा, शोध की स्थिति, विकास के आगामी योजनाओं और क्रियान्वयन प्रक्रिया से मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

विवि की ओर से सह-प्राध्यापक डॉ. विनोद कुमार सोनी और अतिथि व्याख्याता राहुल सिंह, पूजा ठाकुर व श्रद्धा डोंगरे ने राज्योत्सव में अवलोकन के दौरान विश्वविद्यrलय का प्रतिनिधित्व किया। बस्तर विवि के स्टॉल अवलोकन के लिए कुलपति प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव सहित विवि परिवार ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया है।

ज्ञात हो कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और पीएम उषा योजनांतर्गत बस्तर क्षेत्र के जनजातीय छात्र-छात्राओं के बेहतर उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए शहीद महेंद्र कर्मा विवि को 100 करोड़ रुपये बजट प्रावधान किया गया है। इसके माध्यम से न केवल विवि के इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जाएगा बल्कि क्षेत्र में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अध्ययन और शोध की नई व्यवस्था शुरू करने का प्रयास किया जा रहा है।

## व्रतधारी महिलाओं ने रखा 36 घण्टे का निर्जला व्रत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

उत्तर भारत मे मनाए जाने वाला आस्था के महापर्व छठ महापर्व मंगलवार से नहाय-खाय के साथ शुरुआत हो चुकी है। बुधवार को खरना मनाया गया। बस्तर अंचल में उत्तर भारत के बिहार,उत्तर प्रदेश के बड़ी संख्या में मिथलांचल के लोग निवासरत है। यहां भी छठ महापर्व मिथलांचलवासी बड़े धूमधाम के साथ मनाते है। आज के दिन महिलाएं दिनभर निर्जला और निराहार उपवास रखकर खरना के लिए विशेष प्रसाद बनाया गया। आज के दिन शाम से लगभग 36 घंटे का व्रत आरंभ हो गया। खरना के दिन सायंकाल में रोटी और गुड़ की खीर बनाकर संध्या को रोटी और रसियाव भात यानी गुड़ की खीर के प्रसाद का छठी मैया को भोग लगाने के बाद परिजनों के साथ प्रसाद बांट व्रती स्वंय ग्रहण के साथ ही निर्जला व्रत की शुरुआत की। आज खरना से जो निर्जला व्रत आरंभ हुआ है, वह सप्तमी तिथि को सुबह उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही समाप्त होगा।

## जेल समीक्षा दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सुश्री अंकिता कश्यप द्वारा बुधवार को शहर के केन्द्रीय जेल में उपस्थित होकर जेल समीक्षा दिवस का आयोजन कर बंदियों के हालचाल जानकर उनकी समस्या को सूना गया। शिविर में बंदियों को जेल में रहने के दौरान उनके अधिकारों से अवगत कराया गया तथा उन्हें निःशुल्क कानूनी सलाह एवं सहायता एवं अपील के अधिकार के बारे में बताते हुए उनके विधिक अधिकारों की जानकारी प्रदान की गई। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सुहास चकमा विरूद्ध भारत संघ में पारित निर्णय के आलोक में जेल अधीक्षक एवं जेल लीगल एड क्लीनिक के अधिवक्ता को उक्त निर्णय में पारित आदेश क्रा पालन किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही किये जाने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर सहायक जेल अधीक्षक ए. कुजुर, जेल प्रशासन के कर्मचारी एवं जेल में निरूद्ध पुरुष बंदी शामिल रहे।




## मेडिकल टीम ने 93 मरीजों की जांच, किया परामर्श



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के सिटी ग्राउण्ड आयोजित राज्योत्सव मंगलवार को आयोजित प्रर्दशनी में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण द्वारा अपने स्टॉल में मुख्य रूप से टीबी मुक्त छग पर आधरित अब तक की उपलब्धि से संबंधित जानकारी, आकड़ें का प्रदर्शन फ्लैक्स के माध्यम से किया गया। इसी तरह आयुष्मान कार्ड की जानकारी और सिकिल सेल कार्यक्रम की जानकारी प्रदर्शित की गई। आयुष्मान कार्ड की हितग्राही थलेस साहु, सुब्रत सरकार को आयुष्मान कार्ड की प्रतिकात्मक कार्ड का वितरण मुख्य अतिथि बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेण्डी द्वारा किया गया। विभाग के पंडाल में आयुष विभाग का भी काउंटर प्रदर्शित किया गया था। विभाग द्वारा प्रदर्शनी के दौरान ड्यूटीरत मेडिकल टीम द्वारा 93 मरीजों की जांच कर चिकित्सीय परामर्श दिया गया, 73 मरीजों की बीपी एवं शुगर की जांच की गई, 15 मौसमी रोग के मरीजों का उपचार किया गया। इस अवसर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक, डीपीएम सुश्री रीना लेंडिया, नोडल अधिकारी डॉ. सी. मैत्री कार्यकम के दौरान विभाग के पंडाल में शामिल रहें।

